[न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे] मुंबई, सोमवार, 30 मार्च 2026 । मूल्य 0.00, कुल पृष्ठ 4 [वर्ष: 12, डिजिटल अंक: 191, प्रधान संपादक : पवन जैन पदमावत] +91-9594542679 www.padmavatmedia.in padmavatmedia@gmail.com

दैनिक हिन्दी राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

PADMAVAT MEDIA न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे

# पदमावत मीडिया

Reg. No. MH180326353

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

{ अनमोल वचन }

अनुभव-प्राप्ति के लिए काफी मूल्य चुकाना पड़ सकता है पर उससे जो शिक्षा मिलती है वह और कहीं नहीं मिलती।

मुख्यमंत्री ने जयपुर में हाफ ... 02

03 मन की बात की 132वीं ...

## खबर संक्षेप

### बडंगा में मानव सेवा की सराहनीय पहल

### राहत सामग्री वितरण शिविर आयोजित

उदयपुर @ पदमावत मीडिया। मानव कमल कैलाश सेवा संस्थान की प्रेरणा से ग्राम बडंगा में राहत सामग्री वितरण शिविर आयोजित कर जरूरतमंदों तक सहायता



पहुंचाई गई। कार्यक्रम संस्थान के अध्यक्ष कैलाश चन्द्र अग्रवाल मानव की प्रेरणा एवं कोषाध्यक्ष कमला देवी अग्रवाल के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। जरूरतमंद परिवारों को 150 भोजन पैकेट, 150 महिलाओं को बाल्टी-मग, 150 बेडशीट, 125 बच्चों को शर्ट तथा 125 टॉवेल वितरित किए गए। शिविर प्रभारी कुलदीप शेखावत ने बताया कि आयोजन में स्थानीय नागरिकों की सक्रिय भागीदारी रही। संस्थान से जुड़े शांताबाई, दिलीप सिंह, राजकुमार, दिनेश भोई, महेन्द्र जाट, नाहर सिंह, प्रकाश सहित कई कार्यकताओं का विशेष योगदान रहा। इस आयोजन के माध्यम से जरूरतमंदों तक राहत सामग्री पहुंचाकर मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया गया, जिसकी ग्रामीणों ने सराहना की।

### दशरथ लबाना बने यूनिवर्सल ह्यूमन राइट्स काउंसिल के प्रदेश मीडिया प्रभारी



प्रतापगढ़ @ पदमावत मीडिया। सामाजिक सरोकारों और जनसेवा के क्षेत्र में सक्रिय समाजसेवी दशरथ लबाना को यूनिवर्सल ह्यूमन राइट्स काउंसिल में राजस्थान प्रदेश मीडिया प्रभारी के महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया गया है। काउंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. तरुण बांकोलिया ने उन्हें नियुक्ति पत्र एवं परिचय पत्र प्रदान किया। यह नियुक्ति उनकी जनसेवा, पर्यावरण जागरूकता, राष्ट्र के प्रति समर्पण और सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका को देखते हुए की गई। काउंसिल की राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि संगठन मानवाधिकारों की रक्षा, अपराध नियंत्रण और आमजन की समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्यरत है। इसी उद्देश्य से दशरथ लबाना को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। दशरथ लबाना ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे इस दायित्व को पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाते हुए मानवाधिकारों के संरक्षण, अत्याचार व शोषण के खिलाफ आवाज उठाने का कार्य करेंगे। इस नियुक्ति पर कार्उंसिल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दीं। यह जिम्मेदारी क्षेत्र में सामाजिक जागरूकता और मानवाधिकार संरक्षण को नई दिशा देने वाली मानी जा रही है।

### 26-27 अप्रैल को अंतरराष्ट्रीय शास्त्रीय नृत्य एवं संगीत महोत्सव

उदयपुर @ पदमावत मीडिया। शहर में आगामी 26 एवं 27 अप्रैल को आयोजित होने वाले छठे अंतरराष्ट्रीय शास्त्रीय नृत्य एवं संगीत महोत्सव को लेकर तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। इसी क्रम में आयोजन समिति द्वारा राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से शिष्टाचार




भेंट कर उन्हें कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गई। कथक आश्रम की संस्थापक चंद्रकला चौधरी एवं यशवंत संस्था की कनिष्का श्रीमाली ने बताया कि यह महोत्सव भारतीय शास्त्रीय नृत्य एवं संगीत की समृद्ध परंपरा को वैश्विक स्तर पर स्थापित करने का महत्वपूर्ण प्रयास है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन उदयपुर की सांस्कृतिक पहचान को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# मुख्यमंत्री का नवनियुक्त लोक सेवकों से संवाद

# विकसित राजस्थान के निर्माण में निभाएं अहम भूमिका

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नवनियुक्त लोक सेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित राजस्थान के निर्माण में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने लोक सेवकों से आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनका त्वरित और प्रभावी समाधान करने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री ने बिड़ला सभागार में आयोजित संवाद कार्यक्रम में कहा कि नवनियुक्त लोक सेवकों ने कड़ी मेहनत, त्याग और समर्पण के बल पर इस मुकाम को हासिल किया है। इस सफलता में उनके परिवार और परिचितों का भी महत्वपूर्ण योगदान है, इसलिए अब उनकी जिम्मेदारी है कि वे समाज और प्रदेश के विकास में अपनी भूमिका निभाएं।

उन्होंने कहा कि परिश्रम व्यक्ति को ऊंचाइयों तक पहुंचाता है, लेकिन सेवाभाव उसे जनता के दिलों में स्थायी स्थान दिलाता है। लोक सेवक अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत-विकसित राजस्थान 2047 के लक्ष्य को साकार करने में योगदान दें।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में जल, ऊर्जा और रोजगार के क्षेत्र में हो रहे कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि पेयजल और सिंचाई के लिए राम जल सेतु लिंक परियोजना, यमुना जल समझौता, इंदिरा गांधी नहर और देवास परियोजना जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स पर तेजी से कार्य किया जा रहा है।

ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने केंद्र के साथ 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू किए हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2027 तक प्रदेश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य जारी है और वर्तमान में 22 जिलों में किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध कराई जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने पांच वर्षों में 4 लाख सरकारी नौकरियां देने का लक्ष्य रखा है, जिसमें अब तक 1.25 लाख से अधिक युवाओं को नियुक्तियां दी जा चुकी हैं और बड़ी संख्या में भर्तियां प्रक्रियाधीन हैं। साथ ही युवाओं को रोजगार देने वाला बनाने के लिए युवा नीति भी लागू की गई है।

उन्होंने पर्यटन, उद्योग, खनिज, शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में भी प्रदेश की प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि राजस्थान तेजी से विकास की दिशा में अग्रसर है। डीएमआईसी, भारतमाला परियोजना, औद्योगिक क्षेत्रों का











विस्तार और रिफाइनरी जैसे प्रोजेक्ट्स राज्य के आर्थिक विकास को नई गति दे रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोक सेवक राज्य के नैतिक आधार स्तंभ हैं और उनके आचरण से पूरे विभाग की कार्य संस्कृति तय होती है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी लोक सेवक जमीनी हकीकत को ध्यान में रखते हुए कार्य करें और जनता की हर शिकायत का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें।

संवाद कार्यक्रम में विभिन्न सेवाओं के नवनियुक्त अधिकारियों ने अपने अनुभव साझा किए तथा पेपरलीक पर रोक और समयबद्ध भर्ती प्रक्रिया के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने भी राज्य सरकार की विकास योजनाओं और सुशासन के प्रयासों की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त लोक सेवकों को सुशासन की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा सहित कई वरिष्ठ अधिकारी एवं नवनियुक्त लोक सेवक उपस्थित रहे।

## राजस्थान दिवस पर गौरव और संस्कृति का संदेश, पवन जैन पदमावत ने दी शुभकामनाएं

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

उदयपुर। राजस्थान दिवस के अवसर पर पदमावत मीडिया के प्रधान संपादक एवं एंटी करप्शन एंड क्राइम कंट्रोल कमेटी के मीडिया सेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष ***पवन जैन पदमावत*** ने प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए राजस्थान की गौरवशाली परंपरा, संस्कृति और इतिहास को नमन किया।

***पवन जैन पदमावत*** ने कहा कि राजस्थान वीरों की भूमि है, जहां त्याग, बलिदान और स्वाभिमान की अनगिनत गाथाएं इतिहास के स्वर्णिम पन्नों में दर्ज हैं। महाराणा प्रताप, वीर दुगार्दास राठौड़ जैसे महान योद्धाओं की वीरता आज भी नई पीढ़ी को प्रेरित करती है।



उन्होंने कहा कि राजस्थान केवल वीरता ही नहीं, बल्कि समृद्ध संस्कृति, परंपराओं और आपसी भाईचारे का भी प्रतीक है। यहां के तीज-त्योहार, लोक परंपराएं, वेशभूषा और खानपान पूरे देश में अपनी अलग पहचान रखते हैं।

***पदमावत*** ने कहा कि आज का राजस्थान तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है, जहां आधुनिकता और परंपरा का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। प्रदेश में शिक्षा, चिकित्सा, पर्यटन और उद्योग के क्षेत्र में निरंतर प्रगति हो रही है, जो राज्य को नई ऊंचाइयों की ओर ले जा रही है।

उन्होंने युवा वर्ग से आह्वान किया कि वे अपने संस्कारों और विरासत को संजोते हुए प्रदेश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं और राजस्थान को देश का अग्रणी राज्य बनाने में योगदान दें।

***पवन जैन पदमावत*** ने अंत में कहा कि राजस्थान की माटी का हर कण वीरता, संस्कृति और गौरव की कहानी कहता है। हमें इस धरोहर को सहेजते हुए आगे बढ़ाना है, यही राजस्थान दिवस का सच्चा संदेश है।

## विश्व नवकार महामंत्र दिवस 9 अप्रैल को, उदयपुर में सामूहिक जाप का भव्य आयोजन



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

उदयपुर। जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन के बैनर तले विश्व नवकार महामंत्र दिवस 9 अप्रैल 2026 को वैश्विक स्तर पर मनाया जाएगा। इस अवसर पर एक विश्व, एक महामंत्र और शांति के संदेश के साथ लाखों लोग एक साथ नवकार महामंत्र का जाप करेंगे। जीतो उदयपुर चैप्टर के अध्यक्ष यशवंत आंचलिया ने बताया कि यह आयोजन प्रातः 8:01 बजे से 9:36 बजे तक विश्व के 108 देशों में एक साथ आयोजित होगा, जिसमें 100 मेगा इवेंट्स एवं 6000 से अधिक देरासर, उपाश्रय और स्थानकों से सहभागिता रहेगी। इस दौरान लाखों लोग एक समय पर जाप कर विश्व शांति का संदेश देंगे।

मुख्य सचिव अभिषेक संचेती ने बताया कि उदयपुर में यह आयोजन सूरजपोल स्थित फतह स्कूल ग्राउंड पर प्रातः 8:01 बजे से 9:01 बजे तक आयोजित होगा, जिसमें शहर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में समाजजन भाग लेंगे। कार्यक्रम संयोजक राजकुमार फत्तावत ने बताया कि आयोजन के पोस्टर का विमोचन शहर विधायक ताराचंद जैन सहित संगठन के पदाधिकारियों द्वारा किया गया। इस दौरान उपस्थित सभी अतिथियों ने इसे आत्मकल्याण और विश्व शांति के लिए महत्वपूर्ण आयोजन बताते हुए सफलता की कामना की। यह आयोजन धार्मिक एकता, आध्यात्मिक जागरूकता और वैश्विक शांति का संदेश देने वाला महत्वपूर्ण अवसर साबित होगा।

## जनकल्याण शिविर में उमड़ा जनसैलाब, 1234 से अधिक लोगों को मिला लाभ

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

उदयपुर। महावीर जयंती के उपलक्ष में ओसवाल सभा के निर्देशन में ओसवाल युवक परिषद द्वारा हिरण मगरी सेक्टर 4 स्थित तुलसी निकेतन प्रांगण में विशाल जनकल्याण एवं जन सुविधा शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में अपेक्षा से अधिक उत्साह देखने को मिला और करीब 1234 से अधिक लोगों ने विभिन्न सेवाओं का लाभ उठाया।

शिविर का शुभारंभ प्रातः 8:30 बजे नमस्कार महामंत्र के साथ हुआ। कार्यक्रम में शहर विधायक ताराचंद जैन, देवस्थान विभाग के सहायक आयुक्त जतिन गांधी सहित कई गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओसवाल सभा के अध्यक्ष प्रकाश कोठारी ने की। परिषद के महामंत्री भूपेश खमेसरा ने बताया कि शिविर में आमजन की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न महत्वपूर्ण सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई गईं। इसमें अल्पसंख्यक कार्ड, मूल निवास प्रमाण पत्र, ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट, आयुष्मान मेडिकल पॉलिसी, जन आधार कार्ड, 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के लिए आयुष्मान कार्ड, 5 वर्ष तक के बच्चों के आधार कार्ड तथा आधार कार्ड में मोबाइल नंबर अपडेट जैसी सुविधाएं प्रदान की गईं। फार्म जांच एवं सत्यापन के लिए पटवारी आशीष नलवाया सहित गैजेटेड अधिकारियों में आनंद जैन, निरंजन पटवारी, राकेश जारोली, हीरालाल मोगरा, निर्मल धींग, महेंद्र सहलोत का सहयोग रहा। वहीं नोटरी कार्य हेतु अधिवक्ता संगीता शर्मा एवं विजय डूंगरवाल ने सेवाएं दीं। शिविर के सफल आयोजन में ओसवाल युवक परिषद के अध्यक्ष अनिल जारौली, प्रभारी धीरज भाणावत,





उपाध्यक्ष दिलीप कोठारी, सहमंत्री साजन मांडोत, मयंक मेहता, आशुतोष धींग, कोषाध्यक्ष कुलदीप पितलिया, संगठन मंत्री रोहित कोठारी सहित अनेक पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। संपूर्ण शिविर के संयोजन में सभा के शिविर संयोजक नितिन नागोरी एवं परिषद के आशुतोष बोहरा की विशेष भूमिका रही, जबकि कार्यक्रम के मुख्य प्रायोजक अनीश गरिमा धींग रहे। शिविर सुबह 8:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक संचालित हुआ। भारी भीड़ और लोगों की मांग को देखते हुए परिषद ने भविष्य में पुनः ऐसे शिविर आयोजित करने की घोषणा की है। आगामी शिविरों में जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, विवाह प्रमाण पत्र और आधार कार्ड निर्माण जैसी अतिरिक्त सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। अंत में परिषद के महामंत्री भूपेश खमेसरा ने सभी अतिथियों, सहयोगकताओं एवं लाभार्थियों का आभार व्यक्त किया।

## महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के तहत चौबीसी व मेंहदी कार्यक्रम, जैन धर्म के संदेशों से गूंजा वातावरण

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

उदयपुर। महावीर सेवा संस्थान, फतहपुरा द्वारा आयोजित महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के अंतर्गत चौबीसी पाठ एवं मेंहदी कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए जैन धर्म की परंपराओं और मूल्यों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। संस्थान प्रवक्ता प्रशांत भंडारी ने जानकारी देते हुए बताया कि महोत्सव के तहत क्षेत्र की महिलाओं ने सामूहिक रूप से चौबीसी का पाठ कर तीर्थंकर प्रभु की स्तुति की तथा मेंहदी कार्यक्रम के माध्यम से धर्म की महिमा को साकार रूप दिया।

महिला प्रकोष्ठ संयोजिका पुष्पा सुराना ने बताया कि महिलाओं ने अपनी हथेलियों पर मेंहदी के माध्यम से सत्य, अहिंसा, जियो और जीने दो जैसे जैन धर्म के मूल सिद्धांतों को सुंदर



ढंग से उकेरा। यह आयोजन केवल सांस्कृतिक नहीं, बल्कि धार्मिक जागरूकता और आध्यात्मिक प्रेरणा का भी सशक्त माध्यम बना।

कार्यक्रम के दौरान श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का वातावरण देखने को मिला। महिलाओं ने सामूहिक रूप से भाग लेकर धर्म के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प भी व्यक्त किया। इस अवसर पर कल्पना नाहर, राजमति नलवाया, संगीता जैन, अमिता पोरवाल, शशि मेहता, अनु भंडारी, वनिता पोरवाल, पुष्पा मारू, किमी पोरवाल, श्रेष्ठा जैन, खुशबू भाणावत सहित अनेक सदस्याएं उपस्थित रहीं।

## महावीर जयंती पर उदयपुर में भक्ति और अहिंसा का दिव्य महोत्सव, जीरावला पार्श्वनाथ जैन मंदिर में दो दिवसीय आयोजन

उदयपुर @ पदमावत मीडिया। भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महावीर जयंती के पावन अवसर पर देवेंद्र धाम परिक्षेत्र की ओर से श्री जीरावला पार्श्वनाथ जैन श्वेतांबर मंदिर, नवरत्न कॉम्प्लेक्स में दो दिवसीय भव्य आयोजन आयोजित किया जाएगा। यह महोत्सव अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह



और आत्मशुद्धि के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम बनेगा। कार्यक्रम संयोजक नितुल चंडालिया एवं अनुराग नाहर ने बताया कि आयोजन की शुरूआत सोमवार शाम भव्य भक्ति संध्या से होगी, जिसमें मेवाड़ रत्न सम्मानित भजन गायक सांघवी दीपक करणपुरिया अपनी सुमधुर प्रस्तुतियों से वातावरण को भक्तिमय बनाएंगे। दूसरे दिन प्रातः 6:15 बजे मंदिर परिसर से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो देवेंद्र धाम से होते हुए मंदिर पहुंचेगी। इसके पश्चात दोपहर 12 बजे स्वामीवात्सल्य का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में शहर विधायक ताराचंद जैन सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं समाज के गणमान्यजन उपस्थित रहेंगे।

## खबर संक्षेप

### संतों का जीवन सनातन संस्कृति और विश्व कल्याण के लिए समर्पित: मुख्यमंत्री

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि संतों का जीवन सदैव विश्व कल्याण और सनातन संस्कृति के





संरक्षण के लिए समर्पित रहता है। संतों का सानिध्य व्यक्ति के जीवन को सही दिशा देता है और उसे सत्कर्मों की ओर अग्रसर करता है। मुख्यमंत्री रविवार को जयपुर में आयोजित नेटवर्क 10 के संत संसद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश की धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि बीते दो वर्षों में राजकीय मंदिरों में वर्षभर धार्मिक उत्सवों के भव्य आयोजन के लिए वित्तीय स्वीकृतियां दी गई हैं। साथ ही मंदिरों में कार्यरत पुजारियों का मानदेय भी बढ़ाया गया है, जिससे धार्मिक व्यवस्थाओं को मजबूती मिली है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के प्रमुख तीर्थ स्थलों के संरक्षण और विकास के लिए सरकार ने व्यापक योजना बनाई है। पूंछरी का लौठा, खाटूश्यामजी और तीर्थराज पुष्कर सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों के विकास के लिए रोडमैप तैयार कर कार्य किया जा रहा है। साथ ही कृष्ण गगन पथ जैसी योजनाओं के माध्यम से सनातन संस्कृति को संरक्षित और प्रसारित करने की दिशा में भी प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने गौ संरक्षण और संवर्धन को लेकर भी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने बताया कि गोशालाओं में गाय के चारे के लिए प्रतिदिन 50 रुपये तथा बछड़ों के लिए 25 रुपये का अनुदान दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त गोशालाओं में टीनशेड, स्वच्छ पानी और चिकित्सा सुविधाओं की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। कार्यक्रम में गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, विधायक कुलदीप धनकड़, बालमुकुंदाचार्य, मेहंदीपुर बालाजी महंत 1008 श्री नरेश पुरी महाराज सहित बड़ी संख्या में संत-महात्मा और साधु-साध्वी उपस्थित रहे।

### श्री बाहुबली युवा मंच द्वारा रक्तदान शिविर एवं पक्षी परिंडे वितरण, महावीर जयंती पर सेवा का संदेश

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** श्री बाहुबली युवा मंच संस्थान द्वारा महावीर जयंती के पावन अवसर एवं संस्था की स्थापना के 22 वर्ष पूर्ण होने पर सामाजिक सरोकार कार्यक्रमों के अंतर्गत 29 मार्च 2026




को सेक्टर-4 स्थित श्री 1008 आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर परिसर में विशाल रक्तदान शिविर एवं पक्षियों के लिए परिंडे वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं एवं समाजजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर रक्तदान किया और मानव सेवा का संदेश दिया। साथ ही भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए पक्षियों के लिए परिंडे वितरित कर जीव दया का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया गया। आयोजन में अतिथि एवं समारोह गौरव के रूप में पारस सिंघवी सहित गणमान्यजन उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने संस्था के इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। संस्थान के पदाधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन महावीर स्वामी के अहिंसा और करुणा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम हैं। कार्यक्रम के माध्यम से समाज में सेवा, सहयोग और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश भी दिया गया। यह आयोजन मानव सेवा और जीव दया के समन्वय का सशक्त उदाहरण बनकर सामने आया, जिसकी उपस्थित लोगों ने सराहना की।

### शिक्षा मंत्री दिलावर मंगलवार को उदयपुर आएंगे

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** राजस्थान के शिक्षा (विद्यालयी/संस्कृत) एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर मंगलवार को उदयपुर दौरे पर रहेंगे। वे प्रातः ट्रेन द्वारा उदयपुर पहुंचेंगे। मंत्री दिलावर आईआईएफएल फाउंडेशन द्वारा निर्मित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय वाटी, रा.बा.उ.मा.वि. बड़गांव एवं रा.बा.उ.मा.वि. वेदला के नवीन भवन का उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही वे जिला परिषद उदयपुर में सायं 4 बजे जिला स्तरीय समीक्षा बैठक लेंगे।

# मुख्यमंत्री ने जयपुर में हाफ मैराथन को दिखाई हरी झंडी, युवाओं को स्वस्थ जीवन का दिया संदेश

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को जयपुर के अजमेर रोड स्थित महिन्द्रा वर्ल्ड सिटी में आयोजित हाफ मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने युवाओं को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने और देश-प्रदेश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि तन और मन से स्वस्थ रहना सुखी जीवन का मूल आधार है। भारत युवाओं का देश है और इस युवा शक्ति को ऊर्जावान बनाए रखने के लिए स्वास्थ्य सबसे जरूरी है। उन्होंने कहा कि जब युवा आगे बढ़ेगा तभी समाज और राष्ट्र भी प्रगति करेगा। उन्होंने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि वे अपने जीवन को सही दिशा दें, अपने लक्ष्यों को निर्धारित कर उन्हें प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करें और राष्ट्र निर्माण में योगदान दें। मुख्यमंत्री ने कहा











कि राज्य सरकार युवाओं के भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। सरकारी और निजी क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाने के साथ-साथ स्वरोजगार को भी बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे युवा आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएं युवाओं पर केंद्रित हैं। युवा इन योजनाओं का लाभ उठाकर न केवल स्वयं आगे बढ़ें, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक इनका लाभ पहुंचाने में भी सहयोग करें। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। हाफ मैराथन में बड़ी संख्या में युवाओं और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे पूरे क्षेत्र में जोश और ऊर्जा का माहौल देखने को मिला।

# चावंड में भाजपा का प्रशिक्षण महाअभियान शुरू, कार्यकताओं को दी संगठन की मजबूती की सीख





पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**चावंड।** भारतीय जनता पार्टी उदयपुर देहात द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत सलूंबर विधानसभा क्षेत्र के चावंड स्थित प्रताप स्कूल में दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में सराड़ा, जयसमंद और मल्लाड़ा मंडल के कार्यकताओं ने भाग लिया।

प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन जिलाध्यक्ष पुष्कर तेली के मुख्य आतिथ्य एवं सलूंबर विधायक शांता देवी मीणा की अध्यक्षता में हुआ। प्रथम दिवस पर आयोजित सात विभिन्न सत्रों में वक्ताओं ने संगठन की कार्यप्रणाली, इतिहास एवं कार्य विस्तार जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। जिलाध्यक्ष पुष्कर तेली ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की असली ताकत उसके कार्यकर्ता हैं और संगठन का वर्तमान स्वरूप उनके त्याग एवं समर्पण का परिणाम है। उन्होंने जनसंघ से लेकर वर्तमान समय तक भाजपा की विकास यात्रा का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को महत्वपूर्ण बताया।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि कार्यकर्ता व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं के लिए नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के उद्देश्य से कार्य करते हैं। हमें सुखग्रस्त कार्यकर्ता और प्रतिष्ठाग्रस्त नेता नहीं बनना है, बल्कि सेवा और समर्पण की भावना के साथ कार्य करना है।

विभिन्न सत्रों में पूर्व जिलाध्यक्ष भंवर सिंह पंवार ने पंचायतीराज चुनाव प्रबंधन, जिला उपाध्यक्ष चंद्रशेखर जोशी ने संगठन की कार्यपद्धति, जगदीश खेरलिया ने सोशल मीडिया प्रबंधन, पंकज चौबीसा ने बूथ प्रबंधन, सोनल मीणा ने कार्य विस्तार की रणनीति तथा पूर्व जिला महामंत्री नरेंद्र मीणा ने केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं पर कार्यकताओं को मार्गदर्शन दिया।

कार्यक्रम में सेमारी प्रधान दुर्गाप्रसाद मीणा, वर्गाधिकारी धनराज पटेल, हजारी मीणा, मुकेश शर्मा, सराड़ा मंडल अध्यक्ष करण जोशी, जयसमंद मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण मीणा, मल्लाड़ा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीलाल कलाल सहित अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## खेलो इंडिया अस्मिता महिला वॉलीबॉल लीग का समापन, यूएसए अकादमी बनी विजेता



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** लेकसिटी में आयोजित दो दिवसीय खेलो इंडिया अस्मिता महिला वॉलीबॉल लीग का समापन समारोह आरके सर्किल स्थित यूएसए अकादमी में सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर खेल भावना का परिचय दिया। जिला वॉलीबॉल संघ के सचिव हेमराज सोनवाल ने बताया कि भारतीय वॉलीबॉल संघ एवं खेलो इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में यूएसए अकादमी विजेता रही। फाइनल मुकाबला यूएसए अकादमी और सेंट ग्रेगोरियस के बीच खेला गया, जिसमें यूएसए अकादमी ने जीत दर्ज की। कांस्य पदक के लिए सेंट एंथोनी और फतेहनगर के बीच हुए रोमांचक मुकाबले में फतेहनगर की टीम ने बाजी मारी। समापन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में अतुल चंडालिया, खेल अधिकारी डॉ. महेश पालीवाल, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सुरेश खोईवाल, गुरु वशिष्ठ पुरस्कार प्राप्त अशोक चौधरी, समाजसेवी कैलाश चौधरी, अजय मोगरा, भगवान स्वरूप वैष्णव, देवांशु शुक्ला एवं टिंकल दमामी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मनोज सरसिया ने किया, जबकि डीएन धाभाई ने सभी अतिथियों एवं खिलाड़ियों का आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में बलवंत चौधरी, धनराज चांवरिया, मोहन कल्याणा, राजाराम चौहान एवं गोविंद मेहता शामिल रहे।

## भीलवाड़ा में एलपीजी, पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त उपलब्धता, अफवाहों से दूर रहें : जिला कलेक्टर

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**भीलवाड़ा।** जिले में एलपीजी, पेट्रोल एवं डीजल की पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है और किसी भी प्रकार की कमी की स्थिति नहीं है। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि हाल के दिनों में फैल रही भ्रामक सूचनाओं के कारण अनावश्यक पैनिक बुकिंग और गैस सिलेंडरों का भंडारण किया जा रहा है, जिससे आपूर्ति व्यवस्था पर अनावश्यक दबाव बन रहा है।

जिला रसद अधिकारी अमरेंद्र मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की दैनिक खपत लगभग 11 हजार है, जबकि प्रतिदिन करीब 18 हजार सिलेंडरों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। इससे स्पष्ट है कि जिले में गैस की कोई कमी नहीं है। उन्होंने बताया कि आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए गैस एजेंसियों को ओटीपी आधारित होम डिलीवरी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही प्रशासन द्वारा प्रतिदिन आपूर्ति की निगरानी और नियमित जांच भी की जा रही है। जिला प्रशासन ने कालाबाजारी और अवैध रिफिलिंग के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर बड़ी मात्रा में अवैध गैस सिलेंडर जब्त किए हैं। इस कार्रवाई का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि उपभोक्ताओं को निर्धारित दर पर ही गैस उपलब्ध हो और किसी प्रकार की अतिरिक्त राशि न वसूली जाए। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक भंडारण से बचें। शहरी क्षेत्रों में 25 दिन तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन के अंतराल से गैस बुकिंग का प्रावधान है, इसलिए उपभोक्ता निर्धारित नियमों के अनुसार ही बुकिंग करें। जिला प्रशासन, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग तथा ऑयल कंपनियां स्थिति पर लगातार निगरानी बनाए हुए हैं। एलपीजी, पेट्रोल, डीजल, सीएनजी एवं पीएनजी से संबंधित सभी वितरण केंद्रों को नियमों की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## कला संगम भगिनी फाउंडेशन का अधिवेशन आयोजित महिला सशक्तिकरण व कौशल विकास पर जोर





पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** कला संगम भगिनी फाउंडेशन का अधिवेशन रविवार को आयोजित हुआ, जिसमें महिला सशक्तिकरण, कला संरक्षण और कौशल विकास को लेकर व्यापक चर्चा की गई। कार्यक्रम में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए महिलाओं की भूमिका को समाज के विकास का आधार बताया।

राज्यपाल ने कहा कि महिलाएं अबला नहीं, बल्कि सबला हैं और वे असंभव को भी संभव करने की क्षमता रखती हैं। उन्होंने सावित्री बाई फुले, अहिल्याबाई होलकर और रानी लक्ष्मीबाई के प्रेरणादायक जीवन प्रसंगों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन महान महिलाओं ने अपने कार्यों से समाज को नई दिशा दी और महिला सशक्तिकरण की मिसाल कायम की। उन्होंने कहा कि महिलाओं के विकास के लिए केवल अवसर प्रदान करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें कौशल विकास से जोड़ना भी आवश्यक है, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। कला और संस्कृति के संरक्षण में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए उन्होंने इस दिशा में और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता बताई।

राज्यपाल ने कहा कि समाज को महिलाओं की क्षमता पर विश्वास करना चाहिए और उन्हें आगे बढ़ने के लिए समान अवसर उपलब्ध कराने चाहिए। महिलाएं हर चुनौती का सामना करने में सक्षम हैं और बदलते समय के साथ वे हर क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही हैं।

इस अवसर पर राज्यपाल द्वारा कला संगम भगिनी फाउंडेशन की प्रकाशित पुस्तिका का विमोचन भी किया गया।

कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण, सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और कौशल आधारित विकास के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर विशेष जोर दिया गया।

# कश्मीरी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का सफल समापन, उदयपुर में भव्य आयोजन

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com




**उदयपुर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार तथा गृह मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कश्मीरी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का समापन उदयपुर में गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस पहल के माध्यम से कश्मीर और राजस्थान के युवाओं के बीच सांस्कृतिक समन्वय, आपसी समझ एवं राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने का उद्देश्य सफलतापूर्वक पूरा हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि पवन कुमार अमरावत रहे, जिन्होंने युवाओं को सकारात्मक सोच और स्पष्ट लक्ष्य के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। उन्होंने भारत की सांस्कृतिक विविधता को देश की सबसे बड़ी शक्ति बताया। विशिष्ट अतिथि डॉ. विक्रमादित्य डेव ने मेवाड़ के गौरवशाली इतिहास और सांस्कृतिक विरासत पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को अपने मूल्यों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। 24 से 29 मार्च तक आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, करियर मार्गदर्शन, व्यक्तित्व विकास, उद्यमिता एवं स्वास्थ्य जागरूकता से जुड़े सत्रों का लाभ मिला। साथ ही सहेलियों की बाड़ी, सिटी पैलेस, फतेहसागर झील, कुंभलगढ़ दुर्ग और शिल्पग्राम जैसे प्रमुख स्थलों का भ्रमण कराया गया।

कार्यक्रम में अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही तथा संचालन मेरा युवा भारत केंद्र के अधिकारियों द्वारा किया गया। यह आयोजन युवाओं के बीच भाईचारा, सांस्कृतिक समझ और राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

## अहमदाबाद में 4 अप्रैल से जैन धर्म स्थानों के व्यवस्थापकों के साक्षात्कार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com
संवाददाता : माणकमल भंडारी

**भीनमाल।** बैंगलोर जैन सेवा मंडल द्वारा पहली बार प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थियों के लिए जैन धर्म स्थानों में व्यवस्थापक के रूप में नियुक्ति हेतु दो दिवसीय साक्षात्कार का आयोजन किया जा रहा है। मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि यह साक्षात्कार 4 एवं 5 अप्रैल को वासुपूज्य जैन देरासर, कालूपुर, अहमदाबाद में आयोजित होगा। इच्छुक जैन बंधुओं को निर्धारित फॉर्म भरकर संघ से सत्यापन कर शीघ्र व्हाट्सएप के माध्यम से भेजना होगा। उन्होंने बताया कि साक्षात्कार में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को दोनों फॉर्म की प्रतिलिपि, फोटो एवं निर्धारित शुल्क साथ लेकर आना अनिवार्य होगा। आयोजकों ने स्पष्ट किया कि केवल वही अभ्यर्थी आवेदन करें जो ईमानदारी और समर्पण के साथ जैन धर्म स्थानों की व्यवस्थाएं संभालने के इच्छुक हों। साक्षात्कार के बाद चयनित अभ्यर्थियों को विभिन्न धर्म स्थानों पर पदभार ग्रहण कराया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए बसंत वेदमूथा 9448462040, राजकुमार जैन 9167633755 एवं विनय संघवी 9824518475 से संपर्क किया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### स्वर्ण प्राशन अभियान से बच्चों की बढ़ रही इम्युनिटी, अभिभावकों का बढ़ा भरोसा

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** राजकीय आदर्श आयुर्वेद औषधालय, सिंधी बाजार में संचालित निशुल्क स्वर्ण प्राशन अभियान को



लेकर शहर में अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिल रहा है। रविवार को आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में अभिभावक अपने बच्चों को लेकर पहुंचे, जहां सुव्यवस्थित व्यवस्था के बीच पंजीयन, स्वास्थ्य परीक्षण और स्वर्ण प्राशन की प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न कराई गई। वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉ. शोभालाल औदीच्य के निर्देशन में आयोजित इस शिविर में चिकित्सा दल ने पूरी सावधानी और निर्धारित मानकों के अनुरूप बच्चों को स्वर्ण प्राशन कराया। साथ ही अभिभावकों को बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के संबंध में विस्तृत परामर्श भी दिया गया। डॉ. औदीच्य ने बताया कि अभियान के प्रति लगातार बढ़ती सहभागिता यह दर्शाती है कि लोग अब आयुर्वेदिक पद्धतियों पर अधिक भरोसा जता रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वर्ण प्राशन से बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है, जिससे वे सामान्य बीमारियों से बेहतर तरीके से सुरक्षित रह पाते हैं। नियमित रूप से स्वर्ण प्राशन लेने वाले बच्चों में सर्दी-जुकाम एवं संक्रमण की समस्या भी कम देखने को मिल रही है। उन्होंने यह भी बताया कि स्वर्ण प्राशन केवल शारीरिक ही नहीं, बल्कि मानसिक एवं बौद्धिक विकास में भी सहायक सिद्ध हो रहा है। कई बच्चों में एकाग्रता, सक्रियता और सीखने की क्षमता में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है, जो इस परंपरागत आयुर्वेदिक विधि की प्रभावशीलता को प्रमाणित करता है। शिविर के दौरान यह भी देखने को मिला कि छोटे बच्चे स्वयं उत्साहपूर्वक स्वर्ण प्राशन लेने के लिए आगे आए, जो इस अभियान के प्रति उनके सकारात्मक अनुभव को दर्शाता है।

## मुख्यमंत्री ने आमजन के साथ सुना कार्यक्रम

# मन की बात की 132वीं कड़ी: प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बढ़ा देश का सामर्थ्य

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com







**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम की 132वीं कड़ी में देशवासियों को संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जमवारामगढ़ स्थित पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आमजन के साथ कार्यक्रम को सुना।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने जयपुर के किसान मुरलीधर का उदाहरण देते हुए सौर ऊर्जा आधारित पंप से हुए सकारात्मक बदलाव का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि पहले किसान डीजल पंप पर निर्भर थे, जिससे लागत अधिक आती थी, लेकिन अब सौर पंप अपनाने से उनकी आय में वृद्धि हुई है और समय पर सिंचाई संभव हो रही है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पिछले एक दशक में देश की शक्ति और आत्मनिर्भरता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों के बीच देश की ईंधन आवश्यकताओं को सुरक्षित एवं संतुलित बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए हैं। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे जागरूक रहें और किसी भी प्रकार की अफवाहों के बहकावे में न आएं।

मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार ने गरीब, किसान, महिला और मजदूर सहित सभी वर्गों के लिए अभूतपूर्व कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं के हितों को ध्यान में रखते हुए परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी बनाया गया है और पेपर लीक जैसी समस्याओं पर प्रभावी रोक लगाई गई है। अब तक 1.25 लाख से अधिक युवाओं को नियुक्तियां दी जा चुकी हैं, जबकि बड़ी संख्या में भर्तियां प्रक्रियाधीन हैं।

उन्होंने बताया कि राइजिंग राजस्थान पहल के अंतर्गत बड़े स्तर पर समझौते किए गए हैं, जिनके धरातल पर उतरने से युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। साथ ही स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाएं और युवा नीति लागू की गई है।

कार्यक्रम के पश्चात मुख्यमंत्री ने हीरावाला गांव में एक चाय की दुकान पर ग्रामीणों के साथ चाय पी और डिजिटल माध्यम से भुगतान किया। इस दौरान उन्होंने किसानों से खेती-किसानी पर चर्चा की और बच्चों को स्नेहपूर्वक चॉकलेट वितरित की।

कार्यक्रम के समापन पर ग्रामीण महिलाओं ने लोकगीत प्रस्तुत किए, जिनका मुख्यमंत्री ने उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# पाटोदी में पुलिस का जनसंवाद, नशामुक्ति, साइबर जागरूकता और सड़क सुरक्षा पर दिया संदेश

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**बालोतरा।** जिले में सामाजिक सहभागिता को सशक्त बनाने और ग्रामीण स्तर पर पुलिस-जन संवाद को मजबूत करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अपना गांव, अपनी जिम्मेदारी अभियान के तहत रविवार को पाटोदी गांव में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों ने आमजन, युवाओं एवं विद्यार्थियों से सीधा संवाद कर जागरूकता का संदेश दिया।

पुलिस अधीक्षक रमेश आईपीएस ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य गांव-गांव जाकर लोगों को कानून, सुरक्षा और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम में बीट अधिकारी से लेकर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों तक सभी ने भाग लेकर ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया।

थानाधिकारी पचपदरा अचलाराम निपु ने नवीन आपराधिक कानूनों की जानकारी देते हुए बताया कि इनका उद्देश्य न्याय प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, प्रभावी और समयबद्ध बनाना है। उन्होंने आमजन से कानूनों की जानकारी रखते हुए विधिसम्मत आचरण अपनाने की अपील की और नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए सामूहिक संकल्प लेने का आह्वान किया।

पुलिस चौकी पाटोदी प्रभारी सोनाराम ने यातायात नियमों की जानकारी देते हुए हेलमेट और सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, नाबालिगों द्वारा वाहन संचालन पर रोक तथा नशे की हालत में वाहन न चलाने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यातायात अनुशासन जागरूकता और आत्मनियंत्रण से ही संभव है।

साइबर सेल की ओर से मिश्रेखा द्वारा डिजिटल प्रस्तुति के माध्यम से ऑनलाइन ठगी, ओटीपी फ्रॉड, फर्जी कॉल और सोशल मीडिया हैकिंग से बचाव के उपाय बताए गए। उन्होंने नागरिकों से किसी भी संदिग्ध कॉल या संदेश पर व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने तथा साइबर अपराध की स्थिति में तुरंत राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करने की अपील की।

कार्यक्रम के दौरान स्थानीय विद्यालय की छात्राओं ने नशे के दुष्परिणामों पर आधारित प्रस्तुति देकर सभी को भावुक कर दिया। वहीं कालू खान एड पार्टी ने गीत और नाटक के माध्यम से नशामुक्ति का संदेश दिया। कठपुतली कला के जरिए सड़क सुरक्षा के संदेश भी प्रभावी रूप से प्रस्तुत किए गए, जिनकी ग्रामीणों ने सराहना की।

पूर्व प्रधान रशीदा बानो ने नशे के खिलाफ सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि समाज के सहयोग से ही इस समस्या पर नियंत्रण संभव है। उन्होंने इस पहल के लिए पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

पुलिस अधीक्षक रमेश ने अपने संबोधन में कहा कि यह अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि पुलिस और समाज के बीच विश्वास और सहयोग को मजबूत करने का माध्यम है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपने गांव को नशामुक्त, सुरक्षित और जागरूक बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। कार्यक्रम में वृताधिकारी पचपदरा विकास कुमार, तहसीलदार रूस्तम खान, जिला परिषद सदस्य रूखमा देवी लोहिया, समाजसेवी पुखराज प्रजापत, व्याख्याता किशनाराम सहित अनेक जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे। मंच संचालन महिपाल सिंह ने किया।

बालोतरा पुलिस द्वारा यह अभियान चरणबद्ध तरीके से जिले के विभिन्न गांवों में संचालित किया जाएगा, ताकि प्रत्येक नागरिक तक जागरूकता का संदेश पहुंच सके और एक सुरक्षित एवं सजग समाज का निर्माण हो सके।

## प्रतिभावान कबड्डी खिलाड़ियों का सात दिवसीय शिविर संपन्न, अंतरराष्ट्रीय कोचों से मिला प्रशिक्षण



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सलूम्बर।** पंच गौरव प्रोत्साहन कार्यक्रम के अंतर्गत एक जिला एक खेल कबड्डी योजना के तहत आयोजित सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का सफलतापूर्वक समापन हो गया। शिविर में जिले के चयनित 20-20 बालक एवं बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त किया। जिला खेल अधिकारी अशोक चौधरी ने बताया कि खिलाड़ियों को 23 से 26 मार्च तक उत्तर प्रदेश के मेरठ में कबड्डी के स्टार खिलाड़ी नितिन तोमर, अर्जुन अवार्डी किरणपाल, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी गुलवीर तथा गुजरात टाइटंस के प्रशिक्षक रणवीर सिंह सेहरावत द्वारा विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसके पश्चात 27 से 28 मार्च तक अजमेर में खेल अधिकारी एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी डॉ. दिनेश चौधरी तथा वाजिद अली खान के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों को तकनीक, रणनीति और खेल कौशल का गहन अभ्यास कराया गया। शिविर के दौरान खिलाड़ियों ने आधुनिक तकनीकों के साथ फिटनेस, टीमवर्क और खेल की बारीकियों को करीब से समझा। प्रशिक्षण प्राप्त कर खिलाड़ी काफी उत्साहित नजर आए और उन्होंने इसे अपने खेल करियर के लिए महत्वपूर्ण अनुभव बताया।

उपनिदेशक आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर के दौरान खिलाड़ियों के लिए वातानुकूलित आवास, आवागमन, भोजन, उच्च स्तरीय खेल मैदान एवं जिम की समुचित व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा सुनिश्चित की गई। साथ ही अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षकों की मौजूदगी ने शिविर को और अधिक प्रभावी बनाया। यह प्रशिक्षण शिविर जिले के खिलाड़ियों के कौशल विकास और उन्हें उच्च स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है।



## दिवस



मीनाक्षी राजपुरोहित मीनू

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

### राजस्थान दिवस

राजस्थान म्हारी शान है,
म्हाने ईण रो घणो अभिमान है।
वीरां री आ अटल धरा,
बलिदानां री पहचान है।
तीर्थराज पुष्कर रो पाणी,
ब्रह्मा मंदिर प्यारो है।
जठे जौहर करिया राणियां,
इतिहास घणो उजाळो है।
सहेलियां री बाड़ी देखो,
हवा महल अर जंतर-मंतर,
सतियां री शान निराली है।
धरती रो हर कोनो-कोनो,
गाथा वीरां री न्यारी है।
महाराणा प्रताप, दुगार्दास,
अर वीरांगना सुजा कंवर भी जाणी है।
तीज-त्यौहार अर रीति-रिवाज,
परंपरा घणी निराली है।
मान-मर्यादा अर संस्कार,
म्हारी सबसे बड़ी रखवाली है।
दादोसा, काकोसा, बाबोसा री,
बोली घणी न्यारी है।
बना अर बाईसा री बड़ी शान निराली,
पोशाक घणी सुहाणी है।
राणियां ज्यूं जो सजी-धजी,
म्हारी संस्कृति पहचाणी है।
गढ़, किला अर कोटड़ियां,
म्हारी शान अर आन है।
जयपुर, उदयपुर, जोधपुर,
अर बीकानेर म्हारो देशाणो है,
सब म्हारो अभिमान है।
मोट, बाजरी, छाछ, राबड़ी,
केर-सांगरी स्वादो है।
पंचकुटा अर दाल-बाटी-चूरमा,
म्हारो असली पहचानो है।
किन शब्दां में करूं बखाण,
म्हारो राजस्थान सुहाणो है।
माटी रो हर कण-कण बोले,
म्हारो मरुधर तो खजानों है।

जय-जय राजस्थान

## सलूम्बर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# एरिया डॉमिनेशन अभियान में 151 ठिकानों पर दबिश, 94 के खिलाफ कार्रवाई




पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सलूम्बर।** जिले में अपराधियों के विरुद्ध सख्त अभियान चलाते हुए सलूम्बर पुलिस ने एरिया डॉमिनेशन अभियान के तहत व्यापक कार्रवाई को अंजाम दिया। महानिरीक्षक पुलिस उदयपुर रेंज के निदेर्शानुसार एवं पुलिस अधीक्षक सलूम्बर के सुपरविजन में रविवार को जिलेभर में एक साथ दबिश देकर वांछित अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की गई। अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में जिले के सभी थानों पर कुल 36 विशेष टीमों का गठन किया गया। इन टीमों ने जिलेभर में 151 स्थानों पर एक साथ दबिश देकर अपराधियों की धरपकड़ की।

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 47 स्थायी वारंटों का निस्तारण किया, जबकि 3 गिरफ्तारी वारंटों को भी निष्पादित किया गया। इसके अलावा विभिन्न प्रकरणों में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया तथा आर्म्स एक्ट के तहत 1 आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने निवारक कार्रवाई करते हुए धारा 170 बीएनएसएस के तहत 24 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर पाबंद किया, वहीं धारा 129 के तहत 11 व्यक्तियों तथा धारा 126-135 के तहत 3 व्यक्तियों को पाबंद किया गया।

अभियान के दौरान 36 हिस्ट्रीशीटर, हार्डकोर एवं संपत्ति संबंधी अपराधियों की जांच कर उनसे पूछताछ की गई। साथ ही विभिन्न अपराधों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सघन निगरानी रखी गई।

पूरी कार्रवाई के दौरान कुल 94 व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त आबकारी अधिनियम के तहत 5 प्रकरण दर्ज किए गए, जबकि 4/25 आर्म्स एक्ट के तहत 1 प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

जिला पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अपराधियों के खिलाफ इस प्रकार के अभियान लगातार जारी रहेंगे, ताकि जिले में कानून-व्यवस्था मजबूत बनी रहे और आमजन को सुरक्षित वातावरण मिल सके।

# उदयपुर पुलिस का ताबड़तोड़ एक्शन: एरिया डॉमिनेंस अभियान में 502 अपराधी गिरफ्तार, 2010 ठिकानों पर एक साथ दबिश

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com




**उदयपुर।** जिले में अपराधियों के खिलाफ व्यापक स्तर पर कार्रवाई करते हुए उदयपुर पुलिस ने एरिया डॉमिनेंस अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। अभियान के दौरान पूरे जिले में एक साथ दबिश देकर 502 अपराधियों एवं आपराधिक प्रवृत्ति के बदमाशों को गिरफ्तार किया गया, जिससे अपराध जगत में हड़कंप मच गया।

जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन में संचालित इस विशेष अभियान के तहत जिले के सभी थानों को सक्रिय करते हुए सुनियोजित रणनीति के साथ कार्रवाई की गई। इसके लिए 220 विशेष टीमों का गठन किया गया, जिनमें कुल 1044 पुलिसकर्मी एवं अधिकारी शामिल रहे। इन टीमों ने जिलेभर में 2010 स्थानों पर एक साथ दबिश देकर अपराधियों पर प्रभावी शिकंजा कसा।

अभियान के दौरान पुलिस ने लंबित वारंटों के निस्तारण पर भी विशेष ध्यान देते हुए 98 स्थायी वारंट और 12 गिरफ्तारी वारंटों का सफलतापूर्वक निष्पादन किया। वहीं पूर्व में चालानशुदा 207 अपराधियों को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की विभिन्न धाराओं के तहत पाबंद किया गया। इसके अतिरिक्त सामान्य प्रकरणों में वांछित 22 आरोपियों को भी गिरफ्तार कर कानून के शिकंजे में लिया गया।

कार्रवाई के दौरान विभिन्न अधिनियमों के तहत भी प्रभावी कदम उठाए गए। आबकारी अधिनियम में 10 प्रकरण दर्ज कर 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आर्म्स एक्ट के तहत 3 प्रकरणों में 3 आरोपियों को पकड़ा गया, जबकि एनडीपीएस एक्ट में 1 प्रकरण दर्ज कर 1 आरोपी को गिरफ्तार किया गया। अन्य अधिनियमों के तहत भी कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

इसके अलावा धारा 129 के तहत 29 व्यक्तियों तथा धारा 126-170 के तहत 110 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। अभियान के दौरान चोरी, नकबजनी, लूट और डकैती जैसे संपत्ति संबंधी अपराधों में संलिप्त आरोपियों की भी गहन जांच कर प्रभावी धरपकड़ की गई।

पुलिस टीमों ने कार्रवाई के दौरान विभिन्न स्थानों पर अवैध गतिविधियों की भी जांच की, जिसमें कुछ क्षेत्रों में अवैध बिजली कनेक्शन पाए गए। इन मामलों में संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर अग्रिम कार्रवाई जारी है। जिला पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि जिले में अपराधियों के खिलाफ इस प्रकार की सख्त और सतत कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## टीकमगढ़ में डायल-112 की तत्परता से बची जानें, सड़क हादसे में घायल 20 लोगों को पहुंचाया अस्पताल

**भोपाल @ पदमावत मीडिया। भोपाल।** टीकमगढ़ जिले के थाना बड़ागांव क्षेत्र में ट्रैक्टर और बोलेरो की टक्कर में घायल हुए लगभग 20 लोगों को डायल-112 पुलिस जवानों ने तत्परता दिखाते हुए समय पर अस्पताल पहुंचाकर उनकी जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। घटना 28 मार्च 2026 की है, जब राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 को सूचना मिली कि ग्राम गोपालपुरा के पास भीषण सड़क हादसे में कई लोग घायल हो गए हैं। सूचना मिलते ही बड़ागांव क्षेत्र में तैनात डायल-112 वाहन को तत्काल मौके पर भेजा गया। घटनास्थल पर पहुंचकर आरक्षक लक्ष्मण लोधी एवं पायलट शैलेश त्रिपाठी ने बिना देर किए राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। उन्होंने अन्य वाहनों की मदद से सभी घायलों को शीघ्रता से शासकीय अस्पताल बड़ागांव पहुंचाया, जहां उनका उपचार शुरू किया गया  डायल-112 टीम की त्वरित और समन्वित कार्रवाई से सभी घायलों को समय पर चिकित्सकीय सहायता मिल सकी। यह घटना मध्यप्रदेश पुलिस की आपातकालीन सेवाओं की तत्परता और संवेदनशीलता का उत्कृष्ट उदाहरण है।

## खबर संक्षेप

**मध्यप्रदेश पुलिस का मानवीय चेहरा**

### मैहर में नवदुर्गा पर्व पर सेवा और संवेदनशीलता के प्रेरक उदाहरण

**भोपाल @ पदमावत मीडिया।** नवदुर्गा एवं अष्टमी पर्व के अवसर पर प्रदेशभर में मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच मध्यप्रदेश पुलिस ने सुरक्षा एवं





व्यवस्था की जिम्मेदारी का प्रभावी निर्वहन करते हुए मानवता का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। मैहर स्थित माँ शारदा मंदिर में पुलिस बल ने उत्कृष्ट प्रबंधन के साथ सेवा भाव का परिचय दिया। ड्यूटी पर तैनात एक पुलिसकर्मी ने दिव्यांग श्रद्धालु को गोद में उठाकर सुरक्षित मंदिर तक पहुंचाया और उन्हें सहज दर्शन कराए, जिससे उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई न हो। इसके अतिरिक्त भीड़भाड़ के दौरान अपनी माता से बिछड़े एक मासूम बालक को पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सुरक्षित बाहर निकाला और उसे उसके परिजनों से मिलाया। इस संवेदनशील पहल से परिजनों ने राहत की सांस ली। मध्यप्रदेश पुलिस ने सेवा, सुरक्षा और सहयोग के सिद्धांत पर कार्य करते हुए मेले और पर्वों में न केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखी, बल्कि मानवता और संवेदनशीलता का भी उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया।

### यूटिलिटी कार्यों से हुई रोड कटिंग को किया गया दुरुस्त

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** प्रदेश में शहरों की तर्ज पर ही ग्रामीण अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण एवं सडक तंत्र के विकास के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर यूटिलिटी कार्यों से खराब हुई ग्रामीण क्षेत्र की सडकों के मरम्मत कार्य शनिवार (28 मार्च) से प्रारम्भ कर दिए गए हैं। सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा प्रथम दिन सैकड़ों ग्रामीण क्षेत्रों में मरम्मत कार्य किए गए हैं।आमजन को राहत प्रदान करते हुए बाड़मेर, जालोर, डीग, जैसलमेर, अलवर, डूंगरपुर, कोटपूतली, हनुमानगढ़, जोधपुर, भीलवाड़ा, उदयपुर इत्यादि जिलों में सिंचाई लाइनों व पेयजल लाइनों के कारण हुई रोड कटिंग की मरम्मत की गई है। इसकी प्रभावी निगरानी हेतु जिला कलक्टर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर, उपखण्ड अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी एवं संबंधित तकनीकी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।उल्लेखनीय है कि श्री शर्मा के निर्देश पर शहरी क्षेत्रों में भी यूटिलिटी लाइनों के कार्य से प्रभावित सडकों को पुनः सुचारू एवं मोटरेबल स्थिति में लाने के लिए मरम्मत कार्य किए गए हैं। इसी को आगे बढ़ाते हुए अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी सडकों की मरम्मत का कार्य शुरू किया गया है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को सुगम एवं सुलभ आवागमन मिलने के साथ ही सडक हादसों में भी कमी आएगी।

### सरकार प्रदेश को ग्रीन एनर्जी हब बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत : मंत्री

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** राज्य में स्थापित हो रही 6000 मेगावाट आवर की बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर की अध्यक्षता में विद्युत भवन, जयपुर में एक उच्च स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। समीक्षा बैठक में ऊर्जा विभाग, विद्युत निगमों के उच्चाधिकारी एवं बीईएसएस परियोजनाओं के डेवलपर्स उपस्थित रहे। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के दिशा-निर्देशन में प्रदेश को ग्रीन एनर्जी हब बनाने के लिए निरन्तर प्रयासरत है। बैठक के दौरान विभिन्न बी.ई.एस.एस. परियोजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। परियोजनाओं की समय-सीमा, भूमि उपलब्धता, ग्रिड कनेक्टिविटी, वित्तीय समापन तथा आवश्यक स्वीकृतियों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई।



जब बात प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की होती है, तो विद्यार्थियों के सामने एक दुविधा यह पेश आती है कि वे किसी कोचिंग इंस्टीट्यूट से पढ़ाई करें या फिर ऑनलाइन कोचिंग का सहारा लें। स्थिति इस बात से और जटिल हो जाती है कि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता पाने का कोई एक रास्ता ही नहीं होता। जहां कुछ युवा कोचिंग इंस्टीट्यूट्स में पढ़कर परीक्षा क्रैक कर देते हैं, वहीं कुछ अन्य युवा ऑनलाइन पढ़ाई करके सफलता पा लेते हैं।

# कोचिंग इंस्टीट्यूट या ऑनलाइन कोचिंग कौन-सा रास्ता बेहतर

किसी भी प्रतियोगी परीक्षा को क्रैक करना आसान नहीं होता। इसमें गंभीरता से तैयारी करने और पढ़ाई के प्रति प्रतिबद्ध रहने की जरूरत होती है। फिर चाहे वह बैंकिंग की परीक्षा हो, एसएससी सीजीएल परीक्षा हो या फिर आईएएस/ पीएससी परीक्षाएं हों। जब बात प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की होती है, तो विद्यार्थियों के सामने एक दुविधा यह पेश आती है कि वे किसी कोचिंग इंस्टीट्यूट से पढ़ाई करें या फिर ऑनलाइन कोचिंग का सहारा लें। स्थिति इस बात से और जटिल हो जाती है कि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता पाने का कोई एक रास्ता ही नहीं होता। जहां कुछ युवा कोचिंग इंस्टीट्यूट्स में पढ़कर परीक्षा क्रैक कर देते हैं, वहीं कुछ अन्य युवा ऑनलाइन पढ़ाई करके सफलता पा लेते हैं। ऐसे में यह हर परीक्षार्थी पर निर्भर करता है कि वह अपने लिए कौन–सा रास्ता चुनता है। कोचिंग इंस्टीट्यूट और ऑनलाइन पढ़ाई दोनों के ही सकारात्मक और नकारात्मक दोनों पक्ष हैं। आपको चाहिए कि आप इन दोनों पक्षों को तौलकर फैसला करें कि आपके लिए कौन–सा रास्ता मुफीद रहेगा। तो चलिए, इन दोनों ही रास्तों के सकारात्मक और नकारात्मक पक्षों पर नजर दौड़ाते हैं।

## कोचिंग इंस्टीट्यूट्स

परंपरागत तौर पर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने में कोचिंग इंस्टीट्यूट्स अग्रणी रहे हैं। यहां तक कि कोचिंग उद्योग अपने आप में एक बेहद सफल और कमाऊ उद्योग बन गया है। बड़े से लेकर छोटे शहरों तक में कोचिंग संस्थानों की बहार है। जहां कई विद्यार्थी इन संस्थानों की कोचिंग का लाभ लेकर विभिन्न परीक्षाओं में टॉप करते आए हैं, वहीं ऐसे भी विद्यार्थी हैं, जिन्होंने कोचिंग इंस्टीट्यूट्स पर भारी खर्च किया मगर नतीजा सिफर ही रहा।

## मार्गदर्शन

किसी कोचिंग इंस्टीट्यूट में जाने का सबसे बड़ा फायदा यही है कि वहां आपको शिक्षकों का मार्गदर्शन और मेंटरशिप मिलती है। इन संस्थानों में नियुक्त किए जाने वाले शिक्षकों के पास प्रतियोगी परीक्षाओं संबंधी व्यापक अनुभव और ज्ञान होता है। इसलिए वे विद्यार्थियों के हुनर को मांजकर और उनकी कमजोरियों को ताकत में बदलकर उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए सही राह दिखाने में सक्षम होते हैं।

## स्टडी मटेरियल

कोचिंग क्लासेज में पैकेज के तहत जो स्टडी मटेरियल उपलब्ध कराया जाता है, वह विशेषज्ञों द्वारा एग्जाम पैटर्न और संपूर्ण सिलेबस के गहराई से अध्ययन के बाद तैयार किया जाता है। इसलिए इस मटेरियल में परीक्षा में महत्व के अनुसार टॉपिक्स कवर किए जाने की अधिक संभावना रहती है।

## टाइम मैनेजमेंट, अनुशासन

जो उम्मीदवार प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अभी नए हैं, उनके लिए समय प्रबंधन करना और पढ़ाई के मामले में अनुशासन का पालन करना जरा कठिन होता है। फिर यह भी है कि कई युवा अपनी अकादमिक पढ़ाई के साथ–साथ या फिर जॉब के साथ–साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। ऐसे युवा यदि कोचिंग इंस्टीट्यूट जॉइन करते हैं, तो यह सुनिश्चित हो जाता है कि वे अपनी तैयारी के लिए एक निश्चित समय और प्रयास हर हाल में देते ही हैं।

## ऑनलाइन तैयारी के फायदे

ऑनलाइन पढ़ाई का सबसे बड़ा फायदा यही होता है कि यह उम्मीदवारों में सेल्फ स्टडी को बढ़ावा देती है। कई जानकार मानते हैं कि प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए सेल्फ स्टडी ही श्रेष्ठ होती है। इससे परीक्षार्थी अपनी सुविधा और जरूरत के अनुसार तैयारी की रणनीति बनाता है। साथ ही एक फायदा यह है कि इससे हर परीक्षार्थी अपनी ताकत और कमजोरी को अच्छी तरह पहचान पाता है।

जहां तक स्टडी मटेरियल का सवाल है, ऑनलाइन जगत में इसकी कोई कमी नहीं है। यहां आपको कोचिंग इंस्टीट्यूट्स तथा स्वतंत्र विशेषज्ञों द्वारा तैयार किया गया बेहतरीन स्टडी मटेरियल मिल जाएगा। यही नहीं, यह मटेरियल अलग–अलग फॉर्मेट में उपलब्ध होता है, जिससे परीक्षार्थी के पास अपनी जरूरत के मुताबिक चुनने के लिए विकल्प रहते हैं।

ऑनलाइन तैयारी का एक और फायदा होता है इसका किफायती होना। कोचिंग इंस्टीट्यूट्स के मुकाबले ऑनलाइन शिक्षा संसाधन कहीं कम दामों पर उपलब्ध होते हैं। कुछ संसाधन तो निशुल्क उपलब्ध होते हैं। यही नहीं, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर आपके पास यह विकल्प भी होता है कि आप चाहें, तो केवल उतना ही स्टडी मटेरियल, क्वेश्चन पेपर, ऑनलाइन वीडियो आदि खरीदें, जितने की आपको जरूरत है। इस प्रकार भी आपके पैसे की बचत हो सकती है।



## कोचिंग इंस्टीट्यूट्स के नुकसान

### कमतर शिक्षण स्तर

कोचिंग इंसटीट्यूट्स की अक्सर इस बात के लिए आलोचना की जाती है कि इनमें से कई में शिक्षण का स्तर कमतर होता है। कई कोचिंग संस्थान ऐसे लोगों को अपने यहां पढ़ाने के लिए रख लेते हैं, जो स्वयं प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल नहीं हो पाए। ऐसे लोगों के पास भले ही प्रतियोगी परीक्षाओं संबंधी जानकारी और अनुभव हो पर यह कतई जरूरी नहीं कि वे अच्छे शिक्षक भी होंगे। सही टीचिंग तकनीक भी जरूरी होती है।

### स्टडी मटेरियल की गुणवत्ता

कोचिंग इंस्टीट्यूट्स का स्टडी मटेरियल परीक्षा के पैटर्न के लिहाज से प्रभावी तो होता है मगर अक्सर कोचिंग संस्थान जो मटेरियल प्रदान करते हैं, वह कालातीत (आउटडेटेड) और परंपरावादी होता है। इधर प्रतियोगी परीक्षाएं साल–दर–साल अधिक कठिन होती जा रही हैं और इनके पैटर्न में बार–बार परिवर्तन हो रहे हैं। ऐसे में पुराने ट्रैंड के अनुसार तैयार किया गया स्टडी मटेरियल परीक्षार्थियों के किसी काम का नहीं रहता।

### व्यक्तिगत ध्यान नहीं

कोचिंग संस्थान तगड़ी फीस तो लेते हैं मगर वे क्लासरूम फॉर्मेट में ही काम करते हैं। एक क्लास में जितने अधक विद्यार्थी हों, संस्थान का उतना ही लाभ होता है। ऐसे में कई संस्थान एक–एक क्लास में ढेरों विद्यार्थियों को ठूंस देते हैं। इस कारण विद्यार्थियों की ओर व्यक्तिगत ध्यान देना संभव नहीं रहता।

### ऑनलाइन तैयारी

ऑनलाइन एजुकेशन कोचिंग की परंपरा के मुकाबले काफी नया है। आज लिखित स्टडी मटेरियल और ऑडियो–वीडियो संसाधन दोनों ही के रूप में विभिन्ना परीक्षाओं की तैयारी के लिए भरपूर सहायता ऑनलाइन उपलब्ध है। यही कारण है कि ऐसे युवाओं की संख्या बढ़ती जा रही है, जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी ऑनलाइन करना पसंद करते हैं।



## ऑनलाइन तैयारी के नुकसान

### सीमित पहुंच

ऑनलाइन तैयारी की सबसे बड़ी खामी है इसकी सीमित पहुंच। काफी विस्तार के बावजूद आज भी हमारे देश के कई दूर–दराज हिस्सों में इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध नहीं है। जहां है, वहां भी अक्सर नेटवर्क की समस्या बनी रहती है। ऐसे में दूर– दराज के छोटे शहरों व गांवों में रहने वाले युवाओं के लिए तो यह पढ़ाई का विश्वसनीय स्रोत नहीं हो सकता।

### मेंटरशिप का अभाव

ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर आपको बेहतरीन स्टडी मटेरियल तो मिल सकता है लेकिन यहां मेंटरशिप की कमी बहुत खलती है। किसी ट्यूटर की ओर से व्यक्तिगत ध्यान न मिल पाने के कारण उम्मीदवार अक्सर किसी क्लिष्ट कॉन्सेप्ट को लेकर भ्रमित नजर आते हैं। अपने डाउट क्लियर करने के लिए उनके पास कोई नहीं होता। ऑनलाइन तैयारी में आपको अनुभवी ट्यूटर्स के अनुभव का लाभ नहीं मिल पाता।

### जानकारी की बाढ़

इंटरनेट पर दुनिया भर का ज्ञान उपलब्ध है मगर कभी–कभी इसकी यही खासियत इसकी खामी बन जाती है। जब आप यहां कोई खास जानकारी तलाशते हैं, तो आपके पास जरूरी के साथ–साथ बहुत–सी गैर–जरूरी जानकारी की बाढ़ आ जाती है। जानकारी की यह अति परीक्षा की तैयारी में बाधा ही डालती है, जबकि आपको फोकस्ड पढ़ाई करने की जरूरत होती है।

## सामवेदीय वैभव को ज्योतिष गौरव सम्मान से किया सम्मानित

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**संवाददाता : माणकमल भंडारी**

**भीनमाल/मुंबई।** भगवान परशुराम राष्ट्रीय पंडित परिषद ट्रस्ट द्वारा ज्योतिष एवं वैदिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सामवेदीय वैभव प्रवीण त्रिवेदी को ज्योतिष गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि मुंबई के ग्रांट रोड स्थित निवास पर आयोजित सम्मान समारोह में ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश गौड़ ने स्वयं उपस्थित होकर यह सम्मान प्रदान किया। इस अवसर पर उन्होंने सामवेदीय वैभव प्रवीण त्रिवेदी के ज्योतिष, वेद एवं कर्मकांड के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों की सराहना की। पंडित सुरेश गौड़ ने कहा कि त्रिवेदी जैसे विद्वानों की प्रतिभा और समर्पण संस्था के लिए गौरव का विषय है तथा समाज को दिशा देने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। इस अवसर पर सामवेदीय वैभव प्रवीण त्रिवेदी को संस्था की




ओर से दुपट्टा ओढ़ाकर, पंचांग भेंट कर, माल्यार्पण एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित विप्र समाज एवं संस्था के सदस्यों ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए त्रिवेदी को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## गायत्री शक्तिपीठ में नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ का भव्य आयोजन

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**संवाददात : माणकमल भंडारी**

**भीनमाल।** गायत्री शक्तिपीठ में नवरात्रि के पावन अवसर पर नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ का भव्य आयोजन श्रद्धा और आध्यात्मिक वातावरण के बीच संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ में आहुतियां अर्पित कीं और सुख-समृद्धि व कल्याण की कामना की।

महायज्ञ के दौरान पूरे परिसर में भक्ति, आस्था और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महेश व्यास ने कहा कि नियमित तप, साधना और उपासना से व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है और उसकी सोच शुद्ध होती है। उन्होंने बताया कि सनातन संस्कृति में तप का विशेष महत्व रहा है और हमारे ऋषि-मुनियों ने इसे अपने जीवन का आधार बनाया। उन्होंने नवरात्रि के पावन समय में गायत्री मंत्र साधना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी श्रद्धालुओं से इसे जीवन में अपनाने का आह्वान किया।





इस अवसर पर शांतिकुंज हरिद्वार के प्रतिनिधि हरिकृष्ण द्विवेदी ने कहा कि यज्ञ सनातन धर्म की प्राचीनतम और प्रभावी उपासना पद्धति है। यज्ञ न केवल वातावरण को शुद्ध करता है, बल्कि व्यक्ति के अंतर्मन को भी पवित्र बनाता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शुभ कार्य और संस्कार में यज्ञ का विशेष स्थान है।

महायज्ञ के समापन पर पूणार्हुति के पश्चात कन्या पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने भावपूर्वक भाग लिया। मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि इस अवसर पर राणमल शर्मा, कोलचंद सोनी, करणसिंह राव, जोगाराम पटेल, बंशीधर राठी, चतुर्भुज राठी, हीरालाल सोलंकी, प्रेमाराम बंजारा, पहाड़सिंह राव, दिनेश दवे, नवीन, डूंगराराम चौधरी, सोमता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक : **पवन मॉंगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय** : गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत – 400067 से अमुद्रित ऑनलाईन प्रकाशित। **मो. नं.** : +91–95945–42679
e-mail :- padmavatmedia@gmail.com / Web : padmavatmedia.in (नोट : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा। उक्त ई–पेपर को अवैध रूप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।